**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–26 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश–दो हजार चौबीस समेत 43 प्रस्तावों को मिली मंजूरी। पेपर लीक करने पर उम्र कैद और एक करोड रूपये तक के जुर्माने का हुआ प्रावधान।
- 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के लिए आज होगा चुनाव। एनडीए ने भाजपा के सांसद ओम बिरला को दोबारा बनाया उम्मीदवार, विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के सांसद के0 सुरेश ने नामांकन भरा।
- प्रदेश सरकार बारह डीएम सहित बीस आईएएस और सात जिलों के पुलिस कप्तान समेत आठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला
- प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरज चमक के साथ हुई बारिश से मौसम हुआ सुहाना। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्री परिषद की बैठक में पेपर लीक की रोकथाम और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई को लेकर सार्वजिक परीक्षा अध्यादेश–2024 समेत 43 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। नए अध्यादेश के अंतर्गत पेपर लीक करने वालों को 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माना का प्रावधान किया गया है।

कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। बैठक में महिलाओं, बच्चों और गैंगस्टर के मामलों में अग्रिम जमानत नहीं मिलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में 650 करोड़ रूपये की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा और टाटा संस द्वारा सीएसआर फंड के तहत 100 करोड़ की धनराशि से अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग एक रुपये की लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसमें अभ्यर्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि बैठक में लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलीपोर्ट बनाए जाएंगे। बैठक में कैबिनेट ने तीन बड़े शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार को भी मंजूरी दी है। इसके साथ ही वाराणसी विकास प्राधिकरण, गोरखपुर विकास प्राधिकरण और प्रयागराज विकास प्राधिकरण में कई गांव शामिल किए जाने सहित पर्यटन विभाग के सात प्रस्ताव भी पास हुए। शाकुंभरी देवी मंदिर के पास पर्यटन विभाग को मुफ्त जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव भी पास हुआ। अमेठी, बुलंदशहर, बाराबंकी, सीतापुर में राही पर्यटक आवास गृह को पट्टे पर देने का प्रस्ताव भी पास हो गया है।

**********

18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव आज होगा। सरकार और विपक्षी दल लंबे समय की बातचीत के बावजूद इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं। पिछले 48 वर्षों में यह पहला मौका है जब लोकसभा अध्यक्ष का चयन चुनाव से होगा।

एनडीए से भाजपा के वरिष्ठ सांसद ओम बिड़ला इस बार भी इस पद के लिए उम्मीदवार हैं। वह पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया गुट ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को चुना है। दोनों उम्मीदवारों ने कल अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष को सर्वसम्मति से और निर्विरोध चुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से आज तक अध्यक्ष पद के लिए कोई चुनाव नहीं हुआ। सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों के सदन के नेताओं से बात की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष शर्तो के साथ सामने आया और उसने उपाध्यक्ष पद की मांग की है। श्री रिजिजू ने कहा कि आम सहमति सशर्त नहीं होनी चाहिए और वे उप सभापति के चयन पर अलग से निर्णय लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विपक्षी गुट से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की भी अपील की।

संसद के बाहर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे.पी. नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष के चयन पर आम सहमति बनाने के लिए कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल और डीएमके सांसद टी.आर. बालू से मुलाकात की। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि उपाध्यक्ष के मुद्दे को उसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद के बाहर मीडिया से कहा कि विपक्ष अध्यक्ष पद के लिए एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए तैयार है। लेकिन उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए।

**********

केन्द्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। बिहार ईओयू यूनिट ने कल सीबीआई को सभी दस्तावेज सौंप दिए। सीबीआई की टीम दो दिन से पटना में सबूतों और तहकीकात से जुड़े सभी बयानों को देख रही थी। सीबीआई ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से

एक–एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। सी.बी.आई. महाराष्ट्र के लातूर का एक अन्य मामला भी अपने हाथों में ले सकती है।

इसके साथ ही एक दिन पूर्व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए को लेकर गठित शिक्षा मंत्रालय के विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की पहली बैठक संपन्न हुई। सरकार ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**********

प्रदेश सरकार ने कल बारह जिलाधिकारी सहित बीस आईएएस और सात जिलों के पुलिस कप्तान समेत आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। सीतापुर के डीएम अनूप सिंह को मुरादाबाद, चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद को सीतापुर, बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर और सम्भल के डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर का डीएम बनाया है। आयुष विभाग के विशेष सचिव नागेन्द्र प्रताप को बांदा के डीएम, कानपुर के नगर आयुक्त शिव शरणाप्पा जीएन को चित्रकूट और अपर महानिरीक्षक निबंधन एवं विशेष सचिव रवीश गुप्ता को बस्ती का डीएम बनाया गया है। उधर, शासन के निर्देश पर सहारनपुर के एसएसपी विपिन टांडा को मेरठ का नया एसएसपी बनाया गया है। इसी तरह मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली, मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर और प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का एसएसपी बनाया गया है।

**********

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के माध्यम से भारत का लक्ष्य 2047 से पहले सिकल सेल रोग को खत्म करना है। केजीएमयू लखनऊ के हिमोटोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर शैलेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि एक जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन की शुरूआत की थी और अब तक एक करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

***प्रधानमंत्री जी ने फर्स्ट जुलाई 2023 को एक मिशन का शुभारम्भ किया था, नेशनल सिकल सेल एनीमिया एलीमीनेशन प्रोग्राम जिसके अंदर लगभग सात करोड़ लोगों का स्क्रीनिंग होना है और पिछले एक साल में लगभग एक करोड़ लोगो का स्क्रीनिंग हो चुका है और जो लोगों का स्क्रीनिंग हो रहा है उनकी पहचान करके उनको एक सिकल सेल का आईडेंटीफिकेशन कार्ड प्रोवाइड किया जा रहा है, जिसके हिसाब से पता लग सकता है की ये सिकल सेल ट्रेट या सिकेल सेल डिसीज से ग्रसित है और उस हिसाब से अगर वो मैरिज के लिए जाते है तो दूसरा पार्टनर है उसका कार्ड देख के और इनका कार्ड मैच करके ये पता लगा सकता है कि ये कम्पिटेबल है। ये मैरिज कर सकते है या नहीं कर सकते है और फरदर उसको ट्रांसमिशन के लिए अगर एवाइड करना है तो वो स्टेप्स लिए जा सकते है।***

**********

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले में शहीद सीआरपीएफ के जवान शैलेन्द्र कुमार का पार्थिव शरीर कल कानपुर में उनके गांव नौगवां गौतम पहुंचा। जहां पर शहीद के अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान शहीद का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उधर, शहीद के घर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता के अन्तर्गत पचास लाख रूपये का चेक शहीद की पत्नी और माँ को प्रदान किया।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में कल और देर रात गरज–चमक के साथ हुयी बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई। गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, बदायूं, सुल्तानपुर समेत अन्य जनपदों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश की संभावना है।

**********